सुविचार



दुनियावी चीजों में सुख की तलाश, फिजूल होती है। आनन्द का खजाना, तो कहीं हमारे भीतर ही है।-

-स्वामी रामतीर्थ


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025


## बरेली के प्रमुख समाचार


- अशरफ से मुलाकात करने वाला इनामी गिरफ्तार-II
- एवान-ए-फरहत बरातघर पर डेढ़ माह को रोकी बुलडोजर कार्रवाई-III
- मॉडलों में दिखी सीमा सुरक्षा के लिए मजबूती की फिक्र-IV


# सीएम आज आएंगे, सर्किट हाउस में रात तक चलीं तैयारियां

## समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के सामने मंडल में हुए एसआईआर के कार्य की प्रगति और विकास कार्यों की रिपोर्ट की जाएगी प्रस्तुत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरुवार के दौरे को लेकर बुधवार की रात तक तैयारियां की गईं, जहां सड़कों को पानी की धार से साफ किया गया, वहीं सर्किट हाउस में सजावट दिन भर जारी रही। डीएम के निर्देश पर एडीएम ई, एडीएम फाइनेंस और एडीएम सिटी पूरे दिन सर्किट हाउस में डेरा जमाए और व्यवस्थाओं पर नजर जमाए रहे। डीएम और एसएसपी ने दोपहर बाद सर्किट हाउस पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री की मंडलीय समीक्षा बैठक के लिए सर्किट हाउस के सभागार में मंत्रियों, सांसद, विधायकों व भाजपा नेताओं और विभागीय अधिकारियों सहित 110 लोगों के बैठने के इंतजाम किए गए हैं। कुर्सियां कम थीं, इसलिए 30 नई कुर्सियां भी खरीदी गईं। प्रोजेक्टर भी लगाया गया, उसी पर मंडल के जिलों में हुए एसआईआर और विकास कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने सभागार में मंडलीय बैठक के लिए सिटिंग अरेंजमेंट कराया। मंत्री, सांसद, विधायक, भाजपा के जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्ष, ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों के नामों की प्लेट बनवाई गईं हैं, ताकि सिटिंग व्यवस्था में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। लंबे समय के बाद सर्किट हाउस में रंग-रोगन कराया गया। कई अन्य मरम्मत के कार्य भी कराए गए हैं जो अटके पड़े थे। सुंदर दिखाने के लिए सभागार के सामने लाल-पीली पट्टी बनाई गई हैं। इसके साथ सर्किट हाउस की लॉबी के लिए किराये पर सोफे मंगाए गए। कई क्विंटल गेंदा और पत्तों की लड़ी मंगाई गई। फूलों से सभागार और सर्किट हाउस के अंदर सजावट की गई है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ आने वाले लोगों के बैठने के लिए सर्किट हाउस परिसर में टेंट लगाया गया है, वहां बैठने के साथ चाय-नाश्ते का इंतजाम किया जाएगा। जिन वाहनों से मंत्री, जनप्रतिनिधि आएंगे, उनके चालकों के लिए एनेक्सी भवन के पास टेंट लगाया गया है। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर बाद सर्किट हाउस पहुंच कर बैठक की व्यवस्थाएं परखीं। अफसरों ने पूरे सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। वहीं, मंडलीय बैठक में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ अरुण कुमार, मंत्री संजय गंगवार, सांसद छत्रपाल गंगवार, बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत के सांसद, विधायक, भाजपा के प्रभारी, सभी जिलाध्यक्ष के साथ विभागों के अफसर मौजूद रहेंगे।




सर्किट हाउस स्थित सभागार में मंडलीय बैठक की व्यवस्थाएं परखते डीएम।



सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।



आईवीआरआई में राज्यपाल संतोष गंगवार के बेटे की शादी की चल रहीं तैयारियां।

## सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसएसपी



**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के मद्देनजर बुधवार को आईवीआरआई ऑडिटोरियम में एसएसपी अनुराग आर्य ने ड्यूटी में तैनात अफसरों और पुलिसकर्मियों से स्पष्ट कहा कि सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी समय पर लगना अनिवार्य है। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी देर से पहुंचा तो उसकी सीधे जवाबदेही तय की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा घेरे, ट्रैफिक रूट और इमरजेंसी प्लान को लेकर अफसरों को अलग-अलग निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि सीएम के कार्यक्रम के दौरान शहर में सुरक्षा और अनुशासन ही नंबर-1 प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर सुरक्षा इंतजाम का जायजा भी लिया और तैयारी कमजोर दिखने पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार करने को कहा। ब्रीफिंग में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र, एसपी ग्रामीण शाहजहांपुर दीक्षा अरुण, एसपी पीलीभीत विक्रम दहिया समेत शहर और देहात के सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

## आईवीआरआई और सर्किट हाउस में तैनात रहेंगे अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी भी अलर्ट हैं। आईवीआरआई, सर्किट हाउस पर अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई को तैनात किया गया है ताकि आपूर्ति बाधित नहीं हो। इसके अलावा जहां से मुख्यमंत्री का काफिला निकलेगा वहां के ट्रांसफार्मर कवर करके तारों को ऊंचा कराया गया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करने के बाद झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए आईवीआरआई जाएंगे। इसके लिए सिविल लाइंस सबस्टेशन पर एसडीओ राजेश कुमार, जेई विश्व प्रताप सिंह तैनात रहेंगे। इसके अलावा 132 केवी विद्युत सबस्टेशन बरेली टाउन पर जेई नितिन सिंह, सर्किट हाउस में अधिशासी अभियंता नितिन कुमार, एसडीओ कुलदीप कुमार, जेई रवि भटनागर, कृष्णकांत, आईवीआरआई में अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह, एसडीओ विपुल शुक्ला, पारस रस्तोगी, जेई सुशील कुमार और मंजीत सिंह को तैनात किया गया है। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर 33 और 11 केवी के अधिकारियों, कर्मचारियों से त्रिशूल एयरपोर्ट से सर्किट हाउस और आईवीआरआई तक लाइन फेंसिंग का काम पूरा करा लिया गया है। अधिकारी दोपहर 12 से रात 8 बजे तक ड्यूटी स्थान पर तैनात रहेंगे।

## पुराना बस अड्डा बंद: फरीदपुर होते हुए बदायूं गईं रोडवेज बसें



**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते शहर में बुधवार और गुरुवार को रूट डायवर्जन लागू किया गया। इसकी वजह से पुराने बस अड्डे को बंद कर रोडवेज बसों को सेटेलाइट से चलाया गया। बदायूं जाने वाली बसें फरीदपुर होते हुए भेजी गईं। गुरुवार को भी इसी रूट से ही बसें जाएंगी। ऐसे में यात्रियों को अधिक दूरी तय करने की वजह से परेशानी हो रही है। बुधवार दोपहर बाद से पुराना बस अड्डा बंद कर दिया गया। इसके बाद बदायूं जाने वाली रोडवेज बसों को इन्वर्टिस तिराहा से फरीदपुर होते हुए बदायूं भेजा गया। बसों का संचालन सेटेलाइट बस अड्डे से किया गया। वहीं दिल्ली जाने वाली बसों को सेटेलाइट से बड़ा बाईपास, झुमका होते हुए भेजा गया। ऐसे में रोडवेज बसों से सफर करने वाले बदायूं और आगरा की तरफ आने जाने वाले यात्रियों को अधिक दूरी तय करनी पड़ी। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि रूट डायवर्जन के चलते बसों को ट्रैफिक पुलिस के बताए रास्ते से भेजा गया। दो दिन तक रूट डायवर्जन होने के चलते किसी तरह का किराया नहीं बढ़ाया गया है।

## वीआईपी दौरों से पहले निगम को याद आया फड़-ठेलों का अतिक्रमण, खदेड़े



**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही बड़ी संख्या में वीआईपी शहर में गुरुवार तक रहेंगे। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वीआईपी दौरों के चलते बुधवार को सड़कों पर कब्जा जमाए फड़ और ठेलों का अवैध कब्जा याद आया। निगम की टीम ने अभियान चलाकर उन्हें खदेड़ा। इसके साथ ही शहर में प्रमुख मार्गों पर दिन में दो बार सफाई अभियान चलाया गया और साथ-साठ कूड़ा भी उठा लिया गया। नगर आयुक्त ने वीआईपी दौरों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग और पर्यावरण विभाग समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर के प्रमुख मार्गों की दो शिफ्टों में सफाई करने के साथ ही अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसके चलते बुधवार को सुबह से ही निगम की टीमें सड़क पर उतर गईं। शहर के पटेल चौक से कुतुबखाना, डेलापीर मंडी रोड और आईवीआरआई रोड पर कब्जा जमाए ठेले और फड़ों को हटाया गया। वहीं सुबह से ही प्रमुख मार्गों की सड़कों की भी वाहनों से धुलाई के साथ ही सौंदर्यीकरण भी कराया गया।

### टीम के जाते ही फिर सज गए अवैध फड़

नावल्टी चौराहे से कुतुबखाना रोड पर सुबह करीब 9 बजे प्रवर्तन टीम ने अभियान चलाया, लेकिन टीम के जाते ही हालात फिर से वैसे ही हो गए। बड़ी संख्या में ठेले और फड़ वालों ने दुकानें सजा लीं।

## सिटी ब्रीफ

### मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम पहुंची

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम बुधवार को ही बरेली पहुंच गई। एनएसजी के छह कमांडो सहित 20 सुरक्षा कर्मी पहुंचे हुए हैं। इसके साथ ही सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा को निर्देश दिए गए हैं कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर एयरफोर्स स्टेशन स्थित वीआईपी लाउंज, सर्किट हाउस और आईवीआरआई स्थित कार्यक्रम स्थल एवं स्विस काटेज पर लगे विद्युत उपकरणों और वायरिंग आदि की जांच परीक्षण कर लें।

### सुरक्षा में तैनात होंगे 12 सौ पुलिसकर्मी

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की सुरक्षा के नोडल अधिकारी एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि बरेली के अलावा बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत से भी पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। सुरक्षा में विभिन्न प्वॉइंट पर छह एएसपी, 15 सीओ, 50 इंस्पेक्टर, 200 दरोगा, 820 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल और 120 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। इसके साथ ही जिला पुलिस व पीएसी बल भी मौजूद रहेगा।

### वंदेमातरम् गायन में कस्तूरबा कॉलेज प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** संकल्प सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था की ओर से बुधवार को जीआईसी में वंदेमातरम् गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 20 प्रतियोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोहन चंद्र पांडेय ने सरस्वती वंदना से किया। उमेश चंद्र गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वंदेमातरम् गायन प्रतियोगिता में कस्तूरबा गर्ल्स इंटर कॉलेज की अनुष्का, सोनम, अंशिका और रहनुमा की टीम ने प्रथम, जीआईसी के लविश सागर, प्रयाग रस्तोगी और अच्युत गौड़ की टीम ने द्वितीय और जीजीआईसी की छात्राओं की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ. एनएल मौर्य, माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय सह सचिव सुरेन्द्र नाथ मिश्रा और प्रधानाचार्य ओपी राय रहे। निर्णायक की भूमिका में उमेश चंद्र व प्रथा सक्सेना रहीं। विजयी टीमों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री गुरविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष विवेक मोहन सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, केएस सक्सेना, उप प्रधानाचार्य कुसुम लता राजपूत, रमेश कुमार मौर्य, रितेश साहनी मौजूद रहे।

### अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष बनीं प्रो. पूनम रस्तोगी



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के अर्थ शास्त्र विभाग के नए विभागाध्यक्ष के रूप में प्रो. पूनम रस्तोगी की नियुक्ति हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. रीना अग्रवाल की सेवानिवृत्ति के बाद प्रो. पूनम को प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बुधवार को पदभार सौंपा। प्राचार्य ने नवनियुक्त विभागाध्यक्ष को भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# दो-दो अल्ट्रासाउंड जांच में जुड़वां शिशु लेकिन जन्मा एक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर और सरकारी सेंटर पर कराई थीं जांचें
- जिला महिला अस्पताल में हुआ मरीज का प्रसव, जांच के आदेश

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दो अलग-अगल अल्ट्रासाउंड जांच सेंटरों की रिपोर्ट में महिला मरीज के गर्भ में जुड़वा शिशु होने की पुष्टि हुई थी लेकिन जब प्रसव हुआ तो सिर्फ एक शिशु (बेटी) का जन्म हुआ। इसे देख डॉक्टरों और मरीज के परिजन परेशान हो गए। मामला सीएमएस के पास पहुंचने पर जांच शुरू कर दी गई है। सीएमएस ने लैबर रूम के बाहर लगे बाहर सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराने की बात कही है।

भुता के गांव गजनैरा निवासी सुरेश बाबू ने बताया कि उन्होंने 3 सितंबर को डॉक्टर की सलाह पर पत्नी राजेश्वरी की भुता स्थित निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच कराई थी।

जांच के बाद डॉक्टर ने गर्भ में जुड़वा शिशु होने की बात कही। इसके बाद प्रसव से पहले पत्नी को 14 नवंबर को जिला महिला अस्पताल स्थित ओपीडी में दिखाया और डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। यहां भी अल्ट्रासाउंड की जांच रिपोर्ट में जुड़वा शिशु होने की बात डॉक्टर ने कही थी। जब



दादी की गोद में बच्ची।

8 दिसंबर को राजेश्वरी को प्रसव पीड़ा हुई तो उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया तो सिर्फ एक ही शिशु का जन्म हुआ। स्टाफ ने जब परिजनों को इसकी जानकारी दी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड जांच रिपोर्ट में जुड़वा बच्चे होने की बात कही गई थी। इस पर स्टाफ भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सका, हालांकि परिजनों ने इस बाबत कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

### रिपोर्ट पर उठ रहे सवाल

एक निजी वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दोनों की रिपोर्ट प्रथम दृष्टया सटीक लग रही हैं। ऐसा इसलिए कि दोनों ही रिपोर्ट में दोनों ही शिशुओं के सिर, पैर और धड़कन सभी का स्तर दर्ज है। हालांकि इस तरह का यह पहला ही मामला सामने आया है कि दोनों ही रिपोर्ट गलत साबित हो रही हैं। हालांकि गर्भधारण के आरंभ में की गई अल्ट्रासाउंड जांच में चूक वश दो भ्रूण सामने आ जाते हैं लेकिन कुछ माह गुजरने के बाद जांच के बाद यह स्वत: ही सामने नहीं आते हैं।

> मामला मेरे संज्ञान में हैं। मैंने खुद दोनों ही रिपोर्ट का अवलोकन किया। परिजनों ने इसकी कोई लिखित शिकायत नहीं की है लेकिन एहतियातन मामले की जांच कराई जाएगी। लैबर रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराई जाएगी।
>
> **- डॉ. त्रिभुवन प्रसाद,** सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

# सड़क काटने पर सीयूजीएल पर 17.79 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कृष्णा नगर में विष्णु मंदिर के पीछे मोती बाजार तक काटी गई सड़क
- सड़क काटने के मामले में जारी किया अंतरिम नोटिस, लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** नगर निगम ने सीयूजीएल के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित सीएनजी फिलिंग स्टेशन को अंतरिम नोटिस जारी कर बिना अनुमति सड़क काटने पर 17.79 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी के अनुसार, वार्ड 18 कृष्णा नगर में विष्णु मंदिर के पीछे मोती बाजार तक सड़क काटने के मामले में मैसर्स सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया है। शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय अवर अभियंता और अपर नगर आयुक्त ने मौके का निरीक्षण किया था। इसमें बिना अनुमति सड़क काटकर गड्ढे कर देने की पुष्टि हुई। अवैध कार्य से नगर निगम को 17.79 लाख रुपये की आर्थिक हानि हुई है। कंपनी को 72 घंटे के भीतर निर्धारित जुर्माना राशि का भुगतान निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समयावधि में भुगतान न करने पर कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निजी अस्पताल ने फुटपाथ पर कब्जा जमाया, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीडीपुरम इलाके में फुटपाथ पर पार्किंग बनाने की हुई थी शिकायत
- नगर निगम ने नोटिस जारी करके अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर अब नगर निगम सख्त हो गया है। इसको लेकर डीडीपुरम इलाके में रोड पर पैदल यात्रियों के लिए बने फुटपाथ पर निजी अस्पताल ने अवैध कब्जा पर पार्किंग स्थल बना लिया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर निगम ने प्रबंधन को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया तो अस्पताल प्रबंधन ने फुटपाथ वाले हिस्से पर वाहनों की पार्किंग कराकर रास्ता संकरा कर दिया है। इससे पैदल यात्रियों को असुविधा होने के साथ ही जाम की स्थिति बन रही है। इसके चलते अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया है कि नोटिस मिलने के पांच दिन में अवैध पार्किंग हटा ली जाए और इसका जिओ टैग फोटो नगर निगम को उपलब्ध कराया जाए। निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, नगर निगम अवैध कब्जा और अतिक्रमण को लेकर गंभीर है। शहर में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

**विपक्षियों पर साधा निशाना**

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए सपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

# वोट बैंक की खातिर सपा और कांग्रेस को वंदेमातरम् से परहेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मतदाता सूची के शुद्धिकरण से बौखलाया हुआ है पूरा विपक्ष
- घुसपैठियों को रिश्तेदार मानकर उन्हें बचाना चाहते ये लोग

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सपा, कांग्रेस और टीएमसी समेत अन्य विपक्षी दल मतदाता सूची के शुद्धिकरण से बौखलाए हुए हैं। ये लोग घुसपैठियों को अपना रिश्तेदार मानकर उन्हें बचाना चाहते हैं। जिन मतदाताओं का स्वर्गवास हो गया, उनके नाम मतदाता सूची में रखकर फर्जी वोट डलवाकर सरकार बनाना चाहते हैं। उनकी यह मंशा पूरी नहीं होगी। अभी देश की संसद में वंदेमातरम् की सार्थक चर्चा होनी थी, लेकिन अपने वोटबैंक की चिंता के कारण विपक्ष को वंदे मातरम् से परहेज होता है, इसलिए संसद में इस पर सार्थक चर्चा नहीं होने दी गई। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के ''वंदे मातरम् गाने के लिए नहीं निभाने के लिए है'' बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने अपराधियों और आतंकवादियों को सजा देने के बजाय सिमी के आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए थे। उनकी पार्टी के महासचिव आजम खां भारत माता और बाबा साहब आंबेडकर का अपमान करते थे। अखिलेश को अपने नेताओं के साथ वंदे मातरम् का गान करना चाहिए। भाजपा वंदे मातरम् का गान हमेशा करती आई है और करती रहेगी। राजनीति का अपराधीकरण समाजवादी पार्टी ने किया है, जबकि भाजपा ने राजनीति को अपराध से मुक्त करने का काम किया है। बिहार चुनाव के बाद लाल टोपी वाले बरेली से गायब हो गए हैं, जबकि पहले खूब उछलकूद कर रहे थे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, अखिलेश यादव को यदि ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो वे अपने 37 सांसदों के साथ इस्तीफा दे दें, हम बैलेट पेपर से चुनाव कराएंगे। ईवीएम से ही अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने थे। एसआईआर के मामले पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एसआईआर का मकसद सिर्फ मतदाता सूचियों को शुद्ध कर घुसपैठियों को बाहर निकालना है।

एसआईआर कार्य पर सवाल उठाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव तुष्टीकरण की घटिया राजनीति करते हैं और इनकी राजनीति का ''सूर्यास्त'' होने वाला है। देश ने परिवारवाद की राजनीति का अंत शुरू कर दिया है। आने वाले समय में जो जनता की सेवा करेगा, वही राजनीति में रहेगा। जो शोषण करेंगे, जमीन पर कब्जा करेंगे, जो शराब, नकल और भू-माफिया होंगे, वे राजनीति से विदा होकर वहीं जाएंगे, जहां उन्हें जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संसद में रहने या विदेश जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होती रही, लेकिन राहुल गांधी सदन में मौजूद नहीं थे। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना मौजूद रहे। वहीं, डिप्टी सीएम ग्राम विकास एवं समग्र विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक नहीं कर सके। दरअसल, बदायूं में ज्यादा समय लगने के साथ शहर में कई अन्य जगहों पर जाने की वजह से डिप्टी सीएम समीक्षा बैठक नहीं कर पाए।



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते विधायक संजीव अग्रवाल।

### कैंट विधायक ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बुधवार की शाम सर्किट पहुंचने पर कैंट विधायक एवं प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, अरुण कश्यप, सोनू कालरा, अमरीश कठेरिया उपस्थित रहे। वहीं, सीडीओ देवयानी ने डिप्टी सीएम को राधा-कृष्ण की मूर्ति भेंट की।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें

SEXOLOGIST

बचपन की गलतियां

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंने बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें

डा. शेख

भारत प्रसिद्ध

Best Sexologist in india आयुर्वेदा

मिलें हर मंगलवार

ईसाईयों की पुलिया

निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड

बरेली

9837023223

## सीएम दौरे से पहले शहर में लगा जाम, पुलिस के छूटे पसीने







मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के दौरे से पहले ही बुधवार देर शाम को शहर में जाम लग गया। देखते ही देखते सेटेलाइट चौराहे से लेकर ईसाइयों की पुलिया और गांधी उद्यान पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हांलाकि, आनन-फानन में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जाम को खुलवाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए। बता दें कि शहर में बुधवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आए हुए थे। शाम को वह सर्किट हाउस से इन्वर्टिस विश्वविद्यालय जाने के लिए निकले। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के गुरुवार के दौरे के चलते रूट डायवर्जन पहले से ही लागू है। पुराना बस अड्डे के बंद कर सभी बसों का संचालन सेटेलाइट बस स्टैंड से किया जा रहा है। इसके चलते सेटेलाइट पर जाम के हालात बने हुए थे। पुलिस ने डिप्टी सीएम को सकुशल निकालने के लिए यातायात को रोक दिया, इससे कुछ पलों में ही सेटेलाइट चौराहे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सेटेलाइट पुल और नीचे का मार्ग दोनों ओर से पैक हो गया। सेटेलाइट से लेकर गांधी उद्यान तक और श्यामगंज चौराहे तक जाम लग गया। हांलाकि, समय रहते ट्रैफिक पुलिस ने कमान संभालते हुए उसे किसी तरह से खुलवाया गया, जिससे यातायात दोबारा से सुचारु हो सका। ● अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

#### महिला के रस्सी से हाथ बांध दबाया गला

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में देवरानी ने अपने भाई से साथ मिलकर जेठानी पर हमला बोल दिया और उसके रस्सी से हाथ बांधकर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। एसएसपी के आदेश पर सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव सैदपुर खजुरिया निवासी बुशरा ने बताया कि 5 दिसंबर की दोपहर वह घर में अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच उसकी देवरानी का भाई मोहनपुर निवासी आरिश अंसारी घर में घुस आया। आरिश ने अपने साथ लाई रस्सी से उसके हाथ बांध दिए। इसके बाद उसने उसके साथ ज्यादती का प्रयास किया। जब वह सफल नहीं हुआ तो उसने गला दबाकर मारने की कोशिश की और धमकी दी कि जब तू ही नहीं रहेगी तो सबूत कौन देगा, तुझे ही रास्ते से हटाता हूं। इसी बीच दूसरी मंजिल पर रहने वाली देवरानी निसबत ने घटना की जानकारी अपने घरवालों को दी। कुछ ही देर में निसबत के भाई जानिब अंसारी, उसकी मां शाहजहां, ताऊ ,अकील, चाचा और मुजम्मिल मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

#### खाने के पैसे मांगने पर रॉड से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने खाने के पैसे मांगने पर होटल संचालक दो भाइयों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया और विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव करेली निवासी पप्पू शाह ने बताया कि वह अपने भाई शाहिद के साथ मोहल्ला बगिया करेली में होटल चलाता है। आरोप है कि 8 दिसंबर की शाम गांव के ही साहिद, हवीबा, बबुआ और नन्हे होटल पर खाना खाकर बिना पैसे दिए जाने लगे। पैसे मांगने पर चारों ने गालियां दीं और दबंगई दिखाते हुए कहा कि पूरी बरेली में कोई पैसे नहीं मांग सकता। उसने गरीबी का हवाला देकर पैसे देने की बात कही तो सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हबीबा ने लोहे की रॉड से शाहिद के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से घर में घुसकर युवक ने छेड़छाड़ की और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती ने बताया कि 8 दिसंबर की शाम वह घर में अकेली थी और खाना बना रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला अभिषेक सैनी उर्फ सेठी अचानक घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।

# अशरफ से मुलाकात करने वाला इनामी गिरफ्तार

## उमेश पाल हत्याकांड : हत्या के पहले शूटरों ने गुड्डू मुस्लिम समेत नौ लोगों के साथ अशरफ से जेल में की थी मुलाकात

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रयागराज में हुए राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या से पहले जिला जेल में बंद रहे माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ से शूटरों के साथ अवैध मिलाई करने के मामले में फरार 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अफसार अहमद को एसटीएफ की टीम ने मंगलवार रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को एसटीएफ की टीम ने बिथरी चैनपुर पुलिस को सौंप दिया है। 7 मार्च 2023 को जिला कारागार में बंद अतीक के भाई अशरफ उर्फ खालिद अजीम को जेल वार्डन शिवहरी अवस्थी समेत अन्य लोगों की मिली भगत से नियत समय व स्थान से हटकर अवैध मुलाकात कराई गई थी।



पुलिस गिरफ्त में 50 हजार का इनामी बदमाश अफसार।

● एसटीएफ की टीम ने दिल्ली से किया गिरफ्तार, बिथरी चैनपुर थाना पुलिस को सौंपा

इसका खुलासा होने पर थाना बिथरी चैनपुर में 2023 में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर से खुलासा हुआ था कि जेल में बंद अशरफ ने गुड्डू मुस्लिम, गुलाम, असद, अरमान, विजय चौधरी उर्फ उस्मान, सदाकत खान समेत शूटरों से मुलाकात की थी।

उसी दौरान आपराधिक षड्यंत्र कर राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल व उसके दो सरकारी गनरों की हत्या सुबूत मिटाने के उद्देश्य से कराई गई थी। इसी मामले में फरार चल रहे बदमाश सल्लाहपुर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज निवासी अफसार अहमद को दिल्ली से प्रयागराज स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को थाना बिथरी चैनपुर पर दाखिल किया गया। अतीक के भाई अशरफ अहमद से मिलने के लिए 11 फरवरी को असद, गुड्डू, गुमाम, उस्मान समेत कई आरोपी पहुंचे थे। जिसका वीडियो भी उस समय सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### जेल में ही उमेश पाल की हत्या की साजिश रची थी

गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान और असद समेत अन्य लोगों ने जेल में अशरफ अहमद से मुलाकात की और उमेश पाल को मारने का प्लान तैयार किया। अतीक के गुर्गों ने 24 फरवरी 2023 को दिनदहाड़े उमेश पाल और उनके दो गनरों की हत्या की थी। यूपी एसटीएफ और पुलिस ने असद और गुलाम को एनकाउंटर में मार गिराया था। उमेश पाल व दो पुलिसकर्मियों के हत्या के बाद बरेली के बिथरी चैनपुर थाने में अतीक के भाई अशरफ, उसके साले सद्दाम, गुर्गे लल्ला गद्दी, जेल वार्डन शिवहरि अवस्थी, कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे, जेल अधिकारी, कर्मचारी एवं अज्ञात के खिलाफ षड्यंत्र रचने, रंगदारी, अपराधियों को संरक्षण देने और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। लल्ला गद्दी समेत नौ आरोपियों को इस आधार पर जेल भेजा गया था कि वह अशरफ के साले सद्दाम के लिए काम करते थे। सद्दाम व लल्ला गद्दी के जरिये ही आरोपी बरेली जिला जेल में अवैध रूप से अशरफ से मिले थे।

# मौलाना तौकीर को एक और मामले में मिली जमानत

**विधि संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल में नौमहला मस्जिद के पास पुलिसकर्मियों द्वारा भीड़ को इस्लामिया ग्राउंड जाने से रोकने पर पुलिस पर पथराव करने के आरोप में कोतवाली में दर्ज मामले में आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने 1 लाख रुपये के निजी बंधपत्र और दो जमानती पेश करने पर मंजूर कर ली।

सिविल लाइन्स चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कोमल ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 26 सितंबर को वह सिविल लाइंस चौकी क्षेत्र में मौलाना तौकीर द्वारा इस्लामिया कालेज पर भीड़ को एकत्रित करने के आह्वान पर शांति व्यवस्था में लगी हुई थी। तभी सूचना मिली कि नौमहला मस्जिद पर काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो रही है। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और भीड़ को धारा 163 बीएनएस लागू होने का हवाला देते हुए लौटने को कहा तो लोग कहने लगे कि मौलाना तौकीर रजा व नदीम भाई ने बुलाया है। अगर रोका तो बवाल कर देंगे। सर तन से जुदा के नारे लगाते हुए पुलिस को धक्का मारकर आगे जाने लगे। रोकने की कोशिश पर पुलिस पर पथराव किया।

● नौमहला मस्जिद के पास पुलिस टीम पर हमले में आरोपी बनाए गए थे आईएमसी प्रमुख

## जेठ और देवर ने महिला से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोहरिया में एक महिला के साथ उसके जेठ और देवर ने छेड़छाड की। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि 9 दिसंबर की रात वह खाना खाकर घर के दरवाजे के सामने टहल रही थी। इसी दौरान उसके जेठ और देवर वहां पहुंचे और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। शोर-शराबा होने पर पड़ोसी बाहर निकल आए तो वह वहां से भागी। घटना की जानकारी किसी ग्रामीण ने पीड़िता के बहनोई को दी। सूचना पर बहनोई पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने बहनोई और बड़ी बहन के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गोकशों, अवैध असलाह सप्लायरों और स्मैक तस्करों समेत 20 की खुली हिस्ट्रीशीट

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** एसएसपी ने 20 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। ये सभी बदमाश हत्या, अवैध शस्त्र फैक्ट्री, गोकशी, स्मैक तस्करी समेत अन्य संगीन अपराध में शामिल रहे हैं। इससे पहले भी एसएसपी ने कई बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली थी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सभी बदमाश लंबे समय से आपराधिक घटनाओं में संलिप्त थे। थानों और सर्विलांस टीम की रिपोर्ट के बाद इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन सभी बदमाशों की रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। थानों, चौकियों और सर्विलांस यूनिट को सक्रिय मोड पर कर दिया गया है।

### इन बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

भोजीपुरा पुलिस ने नौ, हाफिजगंज पुलिस ने एक, नवाबगंज पुलिस ने एक, बहेड़ी पुलिस ने नौ अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। भोजीपुरा पुलिस ने गोतस्कर कालीनगर निवासी शब्बीर, सैदपुर निवासी मुस्तकीम, अम्बरपुर निवासी इकबाल, धौराटांडा निवासी नईम अहमद उर्फ नाहिद, चोरों में घूरसमस्तपुर निवासी अमरपाल और सर्वेश, मादक पदार्थ तस्कर उदयपुर बन्नो जान निवासी आजम और चौधरी पट्टी निवासी रमेश और हथियार बनाकर सप्लाई करने वाले पडरी खालसा निवासी रमेश की हिस्ट्रीशीटर खोली है। हाफिजगंज पुलिस ने मोहल्ला बगिया कस्बा सेंथल निवासी गोतस्कर महमूद और नवाबगंज पुलिस ने प्रभातनगर निवासी मादक पदार्थ तस्कर गौरव की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। बहेड़ी पुलिस ने चोरी और हत्या के प्रयास में मुरावपुरा निवासी राजपाल, इस्लामनगर निवासी गोतस्कर इब्राहिम, नरायण नगला निवासी जाकिर, मंडलपुर निवासी वासिफ खां, जोखनपुर निवासी जलीस खां, सिली जागीर निवासी शाहिद और हत्या के मामले में अकबराबाद के नासिर, चोरी के मामले में मिती डांडी निवासी जुनैद, मादक पदार्थ तस्कर खगाई नगर निवासी पवन सिंह की भी हिस्ट्रीशीट खोल दी है।

# चरस सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** कासगंज से मादक पदार्थों को लाकर जिले में सप्लाई करने वाले तस्कर को बारादरी थाना पुलिस ने 243 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस मंगलवार रात गश्त करते हुए एक निजी मेडिकल कॉलेज के पीछे वाली सुनसान सड़क पर पहुंची। जहां पर कैंट क्षेत्र के सदर निवासी जाकिर उर्फ भूरा पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से चरस बरामद हुई। पूछताछ में जाकिर ने बताया कि वह लंबे समय से तस्करी कर रहा है। वह कासगंज में बुटी नाम के सप्लायर से चरस खरीदता था और फिर बरेली में नशे का जाल फैलाता था। मंगलवार रात भी वह चरस बेचने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

● बारादरी थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात तस्कर को दबोचा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### 261 ग्राम अफीम के साथ तस्कर दबोचा

दूसरी तरफ बारादरी पुलिस ने गांव सोरहा थाना फतेहगंज पश्चिमी निवासी प्रमोद (21) को मंगलवार रात सम्राट अशोक नगर वाले रास्ते के पास से 261 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 12वीं तक पढ़ा है। अफीम बेचने का काम कई बार कर चुका था। अपने साथियों आकाश व धर्मेन्द्र के साथ मिलकर झारखंड से अफीम खरीदकर लाता था और बरेली में बेचता था। पुलिस फरार साथियों की तलाश कर रही है।

## रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी नामंजूर

**बरेली, अमृत विचार :** बंटवारे के मामले में मनमाफिक कुर्रा रिपोर्ट लगाने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी पीलीभीत के बीसलपुर के लेखपाल संजीव कुमार की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट-2 कमलेश्वर पाण्डेय ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर को पीलीभीत के गांव मीरपुर वाहनपुर निवासी सरताज ने सतर्कता अधिष्ठान बरेली में पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि जमीन में 18 हिस्सेदार हैं। हिस्सेदार मोहम्मद सैफ खान ने बंटवारे और कुर्राबंदी के लिए उपजिलाधिकारी कोर्ट में वाद दायर किया था।

# किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष कैद, जुर्माना भी

**विधि संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** आठ साल पहले 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना मीरगंज क्षेत्र निवासी हुकुम सिंह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 3 वर्ष कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पीड़िता के पिता ने थाना मीरगंज में 23 अगस्त 2017 को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री जो अपने मकान की छत पर अपनी बहन के साथ सो रही थी तभी हुकुम सिंह सुबह 4 बजे उसकी पुत्रियों से छेड़छाड करने के उद्देश्य से उसकी छत पर पहुंचा और उसकी पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा।

### दुष्कर्म का आरोपी बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** नौ साल पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना नवाबगंज बिजौरिया निवासी संजीव कुमार को परीक्षण में संदेह का लाभ प्रदान करते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने बरी कर दिया। ट्रायल के दौरान वादी मुकदमा, पीड़िता समेत सभी गवाह अपने बयान से मुकर गये थे। पीड़िता के पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। सत्यप्रकाश के यहां कोचिंग पढ़ती थी। वहां संजीव भी आता था। संजीव बेटी को बहलाता फुसलाता था।

# शराब पार्टी में शामिल कर्मी से निभा रहे यारी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** शराब पार्टी में शामिल रहे बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी से अधिकारी यारी निभा रहे हैं। कंपनी का आदेश जारी होने के बाद भी उसे काम से नहीं हटाया जा रहा है। एक बार फिर से विभाग वाले गुरु जी का नाम चर्चा में है। संविदा कर्मी पहले की तरह ही कार्मिशयल टू में काम कर रहा है।

गंगा स्नान के दिन किला सबस्टेशन पर कर्मियों ने शराब पार्टी का आयोजन किया था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। अभियंता ने जांच कमेटी को तलब करके रिपोर्ट मांगी थी। आनन फानन में की गई कार्रवाई में टीजी-2 मनोज कुमार को निलंबित और संविदा कर्मी सुनील की संविदा समाप्त कर दी गई। एसएसओ विशाल मिश्रा की भी संविदा समाप्त कर तकनीकी अधिकारी श्याम सुंदर का तबादला कर दिया गया। जांच अधिकारी सत्येंद्र चौहान के करीबी को चेतावनी देकर दूसरे वर्टिकल में तबादला करने के लिए संबंधित फर्म को लिखा गया था। संविदा कर्मी विशाल सक्सेना को दूसरे वार्टिकल में ट्रांसफर के 20 दिन पहले आदेश जारी किए गए थे, लेकिन विशाल अभी किला सबस्टेशन पर काम कर रहा है। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह ने बताया मामले में सभी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।



जेई के साथ काम करता कर्मचारी।

● किला सबस्टेशन पर शराब पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद चार पर कार्रवाई, एक नहीं हटा

# महिला सुरक्षा में लापरवाही पर थानेदारों पर होगी कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति-5 को कागजों से निकालकर जमीन पर मजबूत बनाने के लिए बुधवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने रेंज के चारों जिलों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के मिशन शक्ति केंद्रों की समीक्षा की।

उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों और शिकायतों पर कार्रवाई का पूरा लेखा-जोखा देखा और कई थानों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि महिला शिकायतों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि मिशन शक्ति सेंटर में बैठने वाले पुलिसकर्मी महिला की बात पूरी संवेदनशीलता और सम्मान के साथ सुनें। किसी भी शिकायत को लंबित मत छोड़ो, तुरंत कार्रवाई करो। शिकायत टलने पर कार्रवाई तय है। डीआईजी ने पाया कि कई जगह रजिस्टर में विवरण अधूरा है। इस पर कहा शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर और समस्या का पूरा ब्योरा दर्ज हो और समाधान के बाद की गई कार्रवाई पर थाना प्रभारी खुद हस्ताक्षर करके अपनी टिप्पणी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि समस्या का निस्तारण होने के बाद महिला को फोन करके फीडबैक जरूर लिया जाए। यानी अब सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं चलेगी, पुलिस को सुनिश्चित करना होगा कि महिला संतुष्ट है या नहीं। डीआईजी ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर फील्ड में सक्रियता ही मिशन शक्ति की असली सफलता है। कहा कि मिशन शक्ति सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, जरूरत पड़े तो अन्य विभागों को भी शामिल किया जाए।



समीक्षा बैठक करते डीआईजी अजय कुमार साहनी। ● अमृत विचार

● डीआईजी ने शिकायतों के निस्तारण की जानी स्थिति

## सिटी ब्रीफ

### भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम



बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के एमएड विभाग में पीजी फोरम की ओर से मानवाधिकार दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र और मानवाधिकार विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रियांशी प्रथम रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा शर्मा व अतिथियों ने किया। विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न पक्षों पर विचार रखे। अधिकारों के प्रति सजग रहने के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में एमएड प्रथम वर्ष की प्रियांशी ने प्रथम, शैल कुमारी ने द्वितीय और एमएड द्वितीय वर्ष की छात्रा अहिल्या व अनामिका तोमर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. प्रतिभा शर्मा ने इस दिवस को मनाए जाने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में डॉ. अक्षय कुमार शुक्ल, डॉ. रोमा सक्सेना, डॉ. तृप्ता वर्मा रहीं। संचालन डॉ. अमिता गुप्ता ने किया। डॉ. गौसिया, डॉ. सारा बासु, डॉ. अजिता सिंह तिवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### बरेली कॉलेज में अब कक्षाएं 13 तक स्थगित

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं की वजह से बुधवार को बरेली कॉलेज में कक्षाएं स्थगित की गई थीं। बड़ा केंद्र होने की वजह से कॉलेज में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने और परीक्षा संचालन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने अब कक्षाएं 13 दिसंबर तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### खराब हुई शहर की हवा, एक्यूआई 158



बरेली, अमृत विचार : शहर की हवा एक बार फिर खराब हो गई है। बुधवार को राजेंद्र नगर का एक्यूआई 147 और सिविल लाइंस का 158 रिकॉर्ड हुआ।

# एवान-ए-फरहत बरातघर पर डेढ़ माह को रोकी बुलडोजर कार्रवाई

## बरातघर संचालक को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कंपाउंडिंग प्रक्रिया शुरू करने के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कंपाउंडिंग आवेदन के छह सप्ताह के भीतर प्रकरण को निपटाए बीडीए
- इस दौरान संपत्ति यथास्थिति बनाए रखे और कोई कार्रवाई नहीं की जाए

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सूफीटोला स्थित एवान-ए-फरहत बरातघर के संचालक को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने बरेली विकास प्राधिकरण की बुलडोजर कार्रवाई पर डेढ़ माह के लिए रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बीडीए की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ बरातघर संचालक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है।

एवान-ए-फरहत बरातघर के याचिकाकर्ता सरफराज वली खां की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका मे कहा गया था कि बीडीए ने बिना उचित प्रक्रिया अपनाए भवन को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। उन्हें कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया और न ही किसी वैध आदेश की प्रति उन्हें उपलब्ध कराई गई। वहीं बीडीए ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बरातघर बिना स्वीकृत नक्शे और



बरातघर पर चला था बीडीए का बुलडोजर। (फाइल फोटो)

अनुमति के संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण के अधिवक्ता ने कहा कि 2011 में नोटिस जारी किए गए थे और बरातघर संचालक को कई अवसर दिए जाने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह माना कि याचिकाकर्ताओं को वैधानिक उपाय अपनाने का मौका दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि बरातघर मालिक दो सप्ताह के भीतर नियमन और कंपाउंडिंग से संबंधित आवेदन बीडीए के समक्ष प्रस्तुत करें। वहीं कोर्ट ने बीडीए को आदेश दिया कि आवेदन मिलने पर उसे छह सप्ताह के भीतर नियमानुसार निस्तारित किया जाए। इस समयावधि तक संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।

### हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा

इस संबंध में बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट ने एवान ए फरहत बरातघर संचालक को कंपाउंडिंग कराने के लिए 15 दिन का समय दिया है। हाईकोर्ट ने कंपाउंडिंग की प्रक्रिया छह सप्ताह में पूरी करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के जो भी आदेश मिले हैं, उनका अनुपालन किया जाएगा।

### कंपाउंडिंग प्रक्रिया 15 दिन में पूरी करें

एवान-ए-फरहत बरातघर के संचालक सरफराज वली खां के अधिवक्ता वैभव माथुर ने बताया कि बारात घर पर हुई बीडीए की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया कि बीडीए जिस 2011 के आदेश के आधार पर कार्रवाई कर रहा है, वह न तो हमें कभी दिखाया गया और न ही वह आदेश कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। हाईकोर्ट ने हमें 15 दिन के भीतर कंपाउंडिंग की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक बीडीए किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करेगा।

## घरों के आसपास पोल लगाने का किया विरोध

बरेली, अमृत विचार : जोगी नवादा में कुछ लोगों ने घरों के आसपास पोल लगने का विरोध किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत कराया। इस दौरान काफी देर तक काम रुका रहा।

- पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत कराया
- आरडीएसएस योजना के तहत चल रहा था काम

11 केवी के अवर अभियंता साबिर खान ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत मंगलवार को जोगी नवादा चावल मंडी में पोल लगाने का काम चल रहा था। मोहल्ले के कुछ लोगों ने अपने घरों के आसपास पोल लगाने का विरोध किया। हंगामे के चलते वहां पर कंपनी के कर्मचारियों ने काम रोक दिया। डायल 112 और बारादरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराकर काम शुरू करवाया। एसडीओ विपुल शुक्ला ने बताया कि कुछ लोग विरोध कर रहे थे। जिन्हें समझाने के बाद काम शुरू करा दिया गया।

# तीसरे चरण की तैयारी पहले में ही लेटलतीफी



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएम ग्रिड: मॉडल टाउन इलाके में मेयर ने निरीक्षण कर काम में विलंब पर जताई नाराजगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के तहत शहर में मॉडल टाउन इलाके में पहले चरण के कार्य ही पूरे नहीं हो सके हैं, जबकि शासन ने तीसरे चरण की तैयारी के निर्देश दिए हैं। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बुधवार को पहले चरण के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मेयर सुबह करीब 11 बजे मॉडल टाउन क्षेत्र में पहुंचे तो कई जगह काम की सुस्ती देखकर कड़ी नाराजगी जताई। जहां पार्किंग बननी थी वहां खाली स्थान देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ तय समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

मेयर ने निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री, अधूरे कार्य और साइट मैनेजमेंट के कार्यों को परखा जिसमें कई कमियां मिलीं। मेयर ने पहले चरण के कार्यों को मार्च तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए और लापरवाही उजागर होने पर कार्रवाई को चेताया। रोड पर अतिक्रमण देख मेयर ने अधिकारियों को दो दिन में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने को कहा। इस मौके पर पार्षद पति अतुल कपूर, चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी, सहायक अभियंता मुकेश शाक्य समेत अन्य मौजूद रहे।

> जनता से जुड़े विकास कार्यों का अब हर सप्ताह निरीक्षण किया जाएगा। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> – डा. उमेश गौतम, मेयर

## दीपावली उत्सव के विश्व धरोहर में शामिल होने पर जश्न मनाया

बरेली, अमृत विचार : यूनेस्को की ओर से दीपावली उत्सव को विश्व धरोहर में शामिल करने पर विश्व हिंदू परिषद ने बुधवार देर शाम अपने श्रीकृष्ण लीला स्थल कार्यालय पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर व मिष्ठान का वितरण कर खुशी जताई। विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, महानगर मंत्री संजय शुक्ला, आर्यन चौधरी, केवलानंद गौड, दिव्य चतुर्वेदी, नीरज चौरसिया, रोहित भसीन, अलंकृत सक्सेना, अंकित कुमार, वैभव अग्रवाल, मनीष जादौन, निखिल गंगवार आदि मौजूद रहे।


- विश्व हिंदू परिषद ने मिठाई का वितरण किया

# रुविवि : बीएससी भौतिक विज्ञान के प्रश्नपत्र में एक उत्तर भी छापा


कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हुईं। परीक्षा में पहले ही दिन तृतीय सेमेस्टर में बीएससी भौतिक विज्ञान के प्रश्नपत्र में बड़ी गड़बड़ी सामने आई। प्रश्नपत्र में एक प्रश्न का उत्तर भी छाप दिया गया गया, जिससे परीक्षक और छात्र हैरान हो गए। इस मामले में विश्वविद्यालय ने जांच कराकर आगे की कार्रवाई की बात कही है। वहीं प्रश्नपत्र निरस्त भी किया जा सकता है।

प्रथम पाली में बीएससी भौतिक विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक थ्योरी और मॉडर्न ऑप्टिक्स की परीक्षा सुबह 11 बजे शुरू हुई। प्रश्नपत्र खोलते ही छात्रों



बरेली कॉलेज में परीक्षा देने जाते परीक्षार्थियों की तलाशी लेतीं शिक्षिकाएं।



भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्र में छपा हल।

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा में पहले दिन सामने आई बड़ी चूक
- विश्वविद्यालय ने जांच कराने की कही बात, प्रश्नपत्र भी हो सकता है निरस्त

ने देखा कि 10 अंक के एक प्रश्न संख्या 1 एफ का ठीक नीचे उसका विस्तृत हल भी दिया हुआ है। कई छात्रों ने कक्ष निरीक्षकों को इसकी जानकारी भी नहीं दी और प्रश्न पत्र को हल करने लगे। वहीं कुछ छात्रों से जानकारी मिली कि प्रश्न पत्र में प्रश्न के साथ उसका हल भी दिया है। इसके बाद कॉलेजों ने तत्काल इस मामले की विश्वविद्यालय को जानकारी दी। हालांकि परीक्षा निर्धारित समयानुसार जारी रही। प्रारंभिक स्तर पर मामला प्रश्नपत्र तैयार करने वाले पैनल और प्रिंटिंग एजेंसी से संबंधित प्रतीत होता है। वहीं पूरे दिन परीक्षा निरीक्षकों में सुगबुगाहट रही कि प्रश्न के साथ हल छपने से पेपर की गोपनीयता भंग हुई है, हालांकि इसका प्रभाव केवल एक प्रश्न तक सीमित रहा। छात्रों ने इसे विश्वविद्यालय की लापरवाही बताया और परीक्षा प्रक्रिया को मजबूत करने की मांग की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी चूक दोबारा न हो, इसके लिए प्रश्नपत्र मॉडरेशन और प्रूफिंग सिस्टम को और सख्त किया जाएगा।

### परीक्षा में 111 छात्र रहे अनुपस्थित

रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में पहले दिन 111 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, इसमें 66 छात्र और 45 छात्राएं रहीं। परीक्षा में 4917 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1957 छात्र और 2960 छात्राएं थीं। पहली पाली में 4067 विद्यार्थी, जिनमें 1658 छात्र व 2409 छात्राएं और दूसरी पाली में 850 विद्यार्थी जिनमें 299 छात्र और 551 छात्राएं पंजीकृत थीं। पहली पाली में 97 जिनमें 56 छात्र व 41 छात्राएं और दूसरी पाली में 14 जिनमें 10 छात्र और 4 छात्राएं अनुपस्थित रहे।

> प्रश्न पत्र में एक उत्तर प्रकाशित होने की जानकारी हुई है। मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
> –संजीव कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक रुहेलखंड विश्वविद्यालय

## सिटी डायरी

### मैत्रीपूर्ण महिला क्रिकेट मैच में बरेली क्वींस की शानदार जीत



बरेली, अमृत विचार : निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को आयोजित मैत्रीपूर्ण महिला क्रिकेट मुकाबले में बरेली क्वींस ने बरेली प्रिंसेस को 11 रनों से हराया। मैच का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने किया। क्वींस की कप्तान श्रद्धा सक्सेना की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। शिवांगी ने सर्वाधिक 32 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बरेली प्रिंसेस टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। कृतिका जोशी ने नाबाद 34 रन बनाकर संघर्ष जारी रखा, लेकिन टीम जीत तक नहीं पहुंच सकी। प्लेयर ऑफ द मैच इशिता सक्सेना, बेस्ट बैटर कृतिका जोशी, बेस्ट बॉलर छवि जदौन रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रशांत पटेल, रेनू पटेल, डॉ. शशि बाला राठी, रिद्धि खन्ना, प्रियंका गंगवार, किरण पटेल, पारुल पटेल, उषा कश्यप, आस्था सक्सेना, ममता सक्सेना, नीतू गंगवार, पुष्पा गंगवार, दिव्या गंगवार, रिचा मेहरोत्रा मौजूद रहीं।



### महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थियों ने देखे ऐतिहासिक स्थल

बरेली, अमृत विचार : सिटी सब्जी मंडी स्थित महात्मा गांधी हायर सेकेंड्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आंवला तहसील के ऐतिहासिक स्थलों को भ्रमण कराया गया। 55 छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ रामनगर किला, जैन मंदिर, लीलौर झील, गुलड़िया गौरी शंकर मंदिर मनौना धाम आदि तीर्थ स्थलों में दर्शन किये। लीलौर झील पर वोटिंग का आनंद लिया। प्रधानाचार्य विवेक मोहन सिंह ने बताया शैक्षिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं का अंतर्मुखी विकास होता है। शैक्षिक भ्रमण में रामेश्वर दयाल, आशीष कुदेशिया, भावना अग्रवाल, शहला नाज, राहुल गुप्ता, रोशन लाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।



### डॉ. दीप्ति भारद्वाज के घर पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

बरेली, अमृत विचार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को भाजपा नेत्री डॉ. दीप्ति भारद्वाज के आवास पर पहुंचे। उन्होंने डॉ. दीप्ति की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव : जीजीआईसी की पुरा छात्राओं ने कॉलेज की यादें साझा कीं



बरेली, अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव पर पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, पुरातन छात्राओं ने पुरानी यादें साझा कीं। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने किया गया। उन्हें एनसीसी की छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय में पुरातन छात्राओं की उपस्थिति रही, जो विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य कर रही हैं। इसमें डॉ. हिमशिखा, डॉ. गुड्डी पाल आदि रही। पुरातन छात्राओं ने अपने अध्ययन के अनुभवों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य अनु पाराशरी ने आभार व्यक्त किया। उर्मिला गंगवार, योगिता सक्सेना, ज्योति स्वर्णकार, नम्रता पालीवाल, श्वेता शर्मा, अर्चना त्रिवेदी, मधु मौर्य मौजूद रहीं।

## नागरिक सम्मान समारोह में वार्डेंस को किया सम्मानित



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : नागरिक सुरक्षा कोर बरेली की ओर से संजय कम्युनिटी हाल में आयोजित नागरिक सम्मान समारोह में वार्डेंस को सम्मानित किया गया।

अध्यक्षता डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ ने की। मुख्य अतिथि उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर राकेश मिश्र, विशिष्ट अतिथि सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर व पंकज कुदेशिया ने वार्डेंस को सम्मानित किया। प्रभागीय वार्डन अलखनाथ अनजय अग्रवाल, संजय पाठक, शिवलेश चंद्र पांडेय, कंवलजीत सिंह, श्याम कृष्ण, सुनील यादव, गीता शर्मा, नीतू द्विवेदी, राजीव छाबड़ा, अनवर हुसैन, बृजेश पांडेय, हरीश भल्ला, विजय गुप्ता आदि का सहयोग किया। संचालन डिप्टी डिविजनल वार्डन कलीम हैदर सैफी ने किया।

## मेहंदी व फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र की ओर से रिदम के तहत अरेबिक मारवाड़ी और इंडो-वेस्टर्न डिजाइन विषय पर मेहंदी प्रतियोगिता और मेरा विश्वविद्यालय परिसर विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की मेंहदी के स्टाइल का प्रयोग करके सुंदर डिजाइन बनाए। प्रतिभागियों ने अपने मोबाइल कैमरे के माध्यम से सुंदर परिसर के विभिन्न आयामों को संजोते हुए आकर्षक छायाचित्र खींचे। डॉ. ज्योति पांडेय, कुलसचिव हरीश चंद, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. रीना पंत, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. अमित कुमार सिंह, तपन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# खादी प्रदर्शनी : कारोबार दो करोड़ के पार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिशप मंडल इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय खादी एवं ग्रामोद्योग स्वावलंबन प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मंडल स्तर पर ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन इकाइयों सम्मानित किया। बदायूं जिले के शिवकुमार को प्रथम, बरेली जिले के बाबू को द्वितीय और शाहजहांपुर की विनीता त्रिपाठी तृतीय पुरस्कार मिला।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकार मनोज कुमार के अनुसार प्रदर्शनी आए कारोबारियों का दो करोड़ के पार कारोबार हुआ। 8 राज्यों के कारोबारियों ने अपने उत्पादों की स्टॉल लगाकर बिक्री की। प्रदर्शन एवं सर्वश्रेष्ठ ग्रामोद्योगी में जेके हनी एपियरी, रामपुर को प्रथम, हुमेश बुलंदशहर को द्वितीय और फहीमउद्दीन मुरादाबाद को तृतीय पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि ने खादी उत्कृष्ट इकाई में जानकी देवी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान लखीमपुर खीरी, माटीकला की उत्कृष्ट इकाई में सर्वोसार्थ कलेक्शन कानपुर, हस्तशिल्प की उत्कृष्ट इकाई में स्टाइलिश सीरीज बरेली, बूलेन रेडीमेड गारमेंट्स में उत्कृष्ट इकाई बूलेन गारमेन्ट्स जम्मू कश्मीर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि भी दी गई।



सम्मानित हुए कारोबारी, साथ में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

- ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन इकाइयों को मिला पुरस्कार

> बरेली में 15 सालों से बनारसी साड़ी बेचने आता हूं, यहां रामपुर गार्डन में बहुत ग्राहक जुड़ चुके हैं। मांग के अनुसार कोरियर के माध्यम से साड़ियां भेजी जाती हैं।
> –शमशेर, वाराणसी

> मैं पहली बार आया था, लेकिन अच्छा कारोबार हुआ, पहली बार में ग्राहक को उत्पादों पर भरोसा करना आसान नहीं होता है, लेकिन ग्राहकों का प्यार मिला।
> –जितेन्द्र, सिल्क साड़ी, बिहार

> यहां के लोगों ने बहुत प्यार दिया। ग्राहकों में हमारे उत्पादों के प्रति बढ़ती मांग देखते हुए जल्द बरेली में एक स्टोर खोलने की दिशा में काम किया जाएगा।
> –निखिल, खादी कपड़ा के कारोबारी, लखीमपुर खीरी



# मॉडलों में दिखी सीमा सुरक्षा के लिए मजबूती की फिक्र

## मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के नवाचारी मॉडल छाए, चयनित विद्यार्थी वाराणसी में राज्य स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लेंगे हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रदर्शनी में रखे मॉडल देखते अधिकारी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज उत्तर प्रदेश की ओर से बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें सीमा सुरक्षा के लिए मजबूती और प्रदूषण की रोकथाम की फिक्र दिखी। अलग-अलग वर्गों में चयनित हुए विद्यार्थी 16 से 19 दिसंबर तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज वाराणसी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, उप सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद अनुपम शर्मा, जीआईसी प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राय, उप प्रधानाचार्य कुसुम लता और जिला विज्ञान समन्वयक देवेंद्र कुमार ने किया। प्रतियोगिता तीन संवर्गों जूनियर, सीनियर, और अध्यापक वर्ग में हुई। जूनियर वर्ग के नॉन वर्किंग मॉडल चिर स्थाई कृषि में नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज शाहजहांपुर की शीजा खान, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प में राजकीय हाई स्कूल बरेली के प्रियांशु सिंह, हरित ऊर्जा में बीबीएल के दर्शित कटिहार, उभरती हुई प्रौद्योगिकी में बीबीएल की साक्षी गुप्ता, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में राम भरोसे लाल इंटर कॉलेज की उपासना सिंह, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में बीबीएल की वर्तिका चौधरी, जल संरक्षण एवं प्रबंधन में अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज की अल नूर फातिमा प्रथम स्थान पर रहीं।

जूनियर वर्ग क्रियाकारी मॉडल में चिर स्थाई कृषि में आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली के चिराग गंगवार, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प में बीबीएल की सलोनी पांडे, हरित ऊर्जा में आर्मी पब्लिक स्कूल के शौर्य दुबे, उभरती हुई प्रौद्योगिकी में बीबीएल के कृष्णा सक्सेना, उप विषय मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में कंपोजिट स्कूल पीलीभीत की स्वाति, उप विषय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में बीबीएल के आयुष्मान श्रीवास्तव और जल संरक्षण एवं प्रबंधन में भारत इंटर कॉलेज के विपिन मौर्य प्रथम स्थान पर रहे।

सीनियर वर्ग में कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प में एमबी इंटर कॉलेज के लव भारद्वाज, उभरती हुई प्रौद्योगिकी में दरबारी लाल इंटर कॉलेज रिठौरा के मोहम्मद ओवैस, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज की उमरा खानम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अल्मा मातेर की अवनी गुप्ता और जल संरक्षण एवं प्रबंधन में मेथाडिस्ट कॉलेज की अंकिता क्रिस्टोफर प्रथम स्थान पर रहीं। निर्णायक समिति में सूर्य प्रताप सिंह, मोना शर्मा, उपेन्द्र सिंह, रजनी सिंह, जूनियर संवर्ग में नीतू यादव सुधीर कुमार, वीर बहादुर धनंजय वर्मा रहे।

### जिम उपकरणों की मदद से बिजली बनाने का बनाया मॉडल



आर्मी स्कूल के छात्र शौर्य दुबे ने जिम उपकरणों की मदद से बिजली बनाने वाला मॉडल तैयार किया है। वह प्रदर्शनी में साइकिल के मॉडल में सिंक्रोनस मोटर लगाकर पहुंचे थे। जिसमें मोटर को घुमाने पर बिजली उत्पन्न हो रही थी और बल्ब जल रहा था। उन्होंने बताया कि ऐसे ही जिम उपकरणों में यह डिवाइस फिट की जाए तो वह बिजली की बचत कर सकते हैं। शौर्य बोले- इसे और अपडेट किया जाएगा।

### सीमा सुरक्षा के लिए बायोमैट्रिक जूता तैयार किया



दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज रिठौरा के मो. उवेस और अंकित कुमार ने सीमा पर सुरक्षा के इंतजामों को कैसे पुख्ता और एडवांस तकनीकी से लैस किया जाए, इसके लिए मॉडल तैयार किया है। मॉडल के रूप में सीमा पर तारों के करंट के लिए बायोमैट्रिक जूता तैयार किया है, जिससे सेना के जवानों को करंट नहीं लगेगा, जबकि अन्य दुश्मनों को करंट लगेगा। दूसरे स्टेज में अगर दुश्मन बार्डर के अंदर आ गया, उसके लिए माइंस बिछाई गई है, जिस पर पैर रखने पर दुश्मन का पता चलेगा और रोबोट फायरिंग करने लगता है। दुश्मन के तीसरे स्टेज पार करने पर सेना के जवानों की घड़ी में सेंसर के माध्यम से सूचना पहुंच जाएगी। उसके बाद जवान सतर्क होकर दुश्मन का खात्मा कर सकेंगे।

### जैली में चिपक जाएंगे दूषित कण



शहरों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बीबीएल के छात्र कृष्णा सक्सेना ने इस समस्या का हल निकालने के लिए काम किया। उन्होंने प्रदूषण कैचर मॉडल तैयार किया। जिसकी मदद से प्रदूषित हवा को शुद्ध किया जाता है। कृष्णा ने बताया कि इस पोर्टेबल मॉडल को चौराहों और उद्योगों की चिमनी पर लगाया जा सकता है। इसके एक पंखे से दूषित हवा मशीन में प्रवेश करेगी। अंदर पेट्रोलियम जैली लगी है, जिसमें दूषित कण चिपक जाएंगे और दूसरी तरफ से शुद्ध हवा निकलेगी। यंत्र में सेंसर और कैमरा लगा है। जिसकी मदद से 1.3 किलोमीटर तक आग लगने पर कुछ ही सेकेंड में पता चल जाता है। इसके पेटेंट के लिए आवेदन कर चुके हैं। दो टेस्ट हो चुके हैं। वह वित्तीय सहायता को लेकर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से एमओयू कर चुके हैं। कृष्णा के अनुसार इस यंत्र के जीपीएस से लैस कैमरे से आसपास कचरा जलते ही सूचना आ जाएगी।

## शहर में आज

- केंद्रीय विद्यालय एयरफोर्स का वार्षिक उत्सव दोपहर 3 बजे से।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक की परीक्षा सुबह 11 बजे से।

## सिटी ब्रीफ

### अच्छी सोच से ही अच्छे समाज का होगा निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश की जिला बैठक नेकपुर स्थित कुंवर बृजमोहन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुई। प्रदेश निरीक्षक नगरीय यशवीर सिंह, सह प्रदेश निरीक्षक हरवीर सिंह, जिला समन्वयक सुनील कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय व्यवस्थापक राजीव सक्सेना एवं प्रधानाचार्य ओमकार सिंह गंगवार ने अतिथियों को शाल एवं पटका पहनकर स्वागत किया। यशवीर सिंह ने कहा अच्छी सोच रखने से हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। हरवीर सिंह चाहर ने बताया विद्या भारती के आयाम मानसिक, शारीरिक, संस्कारात्मक और आध्यात्मिक से जुड़ते हुए शिशु का शिक्षण हो तो वह एक अच्छी दिशा में समाज के साथ प्रस्तुत हो सकता है। विद्यालय व्यवस्थापक राजीव सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महानगर के सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य और 189 शिक्षक और मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### जिले के छह खिलाड़ियों का यूपी की फाइनल टीम के लिए चयन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-14 की क्रिकेट टीम का फाइनल चयन 11 दिसंबर को कमला क्लब कानपुर में किया जाएगा। इसके लिए बरेली के 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें विवान गंगवार, अर्जित पटेल, नरेंद्र, अभिमन्यु ज्वाला, आदित्य यादव, अंशुमन कश्यप शामिल हैं।

### मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के विधि विभाग में यूजी फोरम की ओर से मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय ने करते हुए कहा कि मानवाधिकार हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जो किसी व्यक्ति को उसके जन्म से ही प्राप्त हो जाते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ व्यक्ति को भी करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. खुर्शीद अली, विभाग प्रभारी संजय कुमार यादव, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. शीतल गुप्ता, अर्पित यादव आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण पर संवाद की पहल करेंगे शिक्षक और छात्र

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है। कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने एक साप्ताहिक अखबार शुरू करने की योजना बनाई है। इस अखबार में पर्यावरण की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं ही रिपोर्टिंग करेंगी। फील्ड में जाकर लोगों को जागरूक करने के लिए अखबार के लिए सामग्री जुटाएगी। उसी सामग्री से पर्यावरण का उजियारा फैलाने के लिए अखबार प्रिंट कराया जाएगा।

को-ऑडिनेटर एवं एसो. प्रो. जसपाल सिंह ने बताया कि यह पहल शहर में पर्यावरण संवाद की सोच पैदा करेगी। यह पहला अवसर होगा, जब बरेली कॉलेज अपना अखबार प्रकाशित करेगा। प्रिंट और ऑनलाइन माध्यमों में अखबार शुरू होगा।

## आल इंडिया लॉयर्स क्रिकेट टूर्नामेंट में दो का चयन

विधि संवाददाता, बरेली



आशिक हसीरी



मो. सुल्तान

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एडवोकेट स्पोर्ट्स ट्रस्ट की ओर से आयोजित थर्ड आल इंडिया लॉयर्स क्रिकेट टूर्नामेंट में बरेली बार एसोसिएशन के दो सदस्य एडवोकेट आशिक हसीरी और मो. सुल्तान का चयन हुआ है। टूर्नामेंट लखनऊ में आगामी 22 से 28 दिसम्बर को होगा।

चयनित अधिवक्ताओं आशिक हसीरी व मो. सुल्तान ने बताया कि 7 दिवसीय टूर्नामेंट में सुप्रीम कोर्ट, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, केरल हाईकोर्ट, लखनऊ हाईकोर्ट, पांडिचेरी हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश एडवोकेट्स स्पोर्ट्स ट्रस्ट की टीमें हिस्सा ले रहीं है। हमारा चयन इलाहाबाद हाईकोर्ट की टीम में हुआ है। अपने चयन का श्रेय एडवोकेट प्रीमियर लीग के आयोजक गौरव सिंह राठौर, अंतरिक्ष सक्सेना, अमित सिंह, प्रदीप यादव व अजेंद्र यादव को देते हुए कहा उन्होंने ही हमें एपीएल के जरिए खेलने का मौका दिया। अब इस टूर्नामेंट के जरिए बरेली का नाम रोशन करने का अवसर मिल रहा है।

## रुविवि: स्वर्णिम एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता के संबंध में महाविद्यालयों को जारी किए निर्देश**

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय अपनी 50वीं यानी स्वर्णिम अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स पुरुष और महिला प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता 19 से 21 दिसंबर तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों की सहभागिता अनिवार्य है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और क्रीड़ा प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

क्रीड़ा सचिव ने निर्देश दिए कि महाविद्यालयों को पात्रता प्रपत्र 15 दिसंबर तक देना होगा। पंजीकरण शुल्क पुरुष और महिला टीम के लिए दो-दो हजार रुपये होगा। इसके अलावा सुरक्षा यानी धरोहर राशि दो हजार रुपये देनी होगी, जो प्रतियोगिता के बाद वापस की जाएगी। खिलाड़ी को चोट लगने पर प्राथमिक चिकित्सा दी जाएगी लेकिन आगे के इलाज का खर्च महाविद्यालय को वहन करना होगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को अपने महाविद्यालय के झंडे के साथ सम्मिलित होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम प्रबंधन या प्रशिक्षकों की बैठक की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों के पंजीकरण के बाद चेस्ट नंबर लेना अनिवार्य होगा। बिना चेस्ट नंबर के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेगा।

### विश्वविद्यालय की शतरंज टीम का चयन



**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर महाविद्यालयीय शतरंज पुरुष और महिला प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की टीम का बुधवार को चयन किया गया। ट्रायल में 26 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 22 पुरुष और 4 महिला खिलाड़ी शामिल रहीं। ट्रायल में 6 पुरुष और 4 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया। पुरुष टीम में अभिनव सैनी, शिवा प्रताप सिंह, पीयूष वर्मा, वैभव शुक्ला, आरुष आर्या और संगम मिश्रा और महिला टीम में तान्या कश्यप, कल्पना सिंह, खुशी, वैष्णवी गुप्ता का चयन हुआ।

### विवि ने संशोधित स्पोर्ट्स कैलेंडर किया जारी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संशोधित स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया है। इसके तहत अब सभी प्रतियोगिताएं रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में की जाएंगी। इससे पहले मुरादाबाद मंडल के महाविद्यालयों में भी कुछ प्रतियोगिताएं कराने का कैलेंडर जारी किया गया था लेकिन मुरादाबाद में विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों ने इससे इन्कार कर दिया। इसके बाद नया कैलेंडर जारी किया गया। इसके अलावा जो महाविद्यालय अगर कोई खेल प्रतियोगिता नहीं कराएंगे तो उन्हें विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

## भाषण प्रतियोगिता में सोनी प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को मानवाधिकार दिवस पर ''वर्तमान में मानवाधिकारों की दशा व दिशा'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने की।

विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति पाठक ने छात्राओं को मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता और मानवाधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान समय में इसकी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकार मात्र नहीं है बल्कि इसमें हमारा कर्तव्य भी निहित है जो हमें दूसरे के मानवाधिकारों की रक्षा करने को प्रेरित करता है। छात्राओं निम्रा फरहत, यशी चौधरी, उर्वशी गंगवार, सिदरा अली, सोनी, इशिता कुमारी, अनुष्का गुप्ता, मुस्कान, अदिति शर्मा, अनूरा यादव ने मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। शोध छात्र सुमित कुमार ने मानवाधिकारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वस्तु स्थिति पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता सोनिया हुसैन ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक रहने और समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में सोनी प्रथम, सिदरा अली द्वितीय, निम्रा फरहत व यशी चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार आदिति शर्मा को मिला। कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर की 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन छात्रा सिदरा अली ने किया।

## परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा में कक्षा एक से आठ तक के करीब 280496 बच्चों ने भाग लिया।

परीक्षा 15 दिसंबर तक दो पालियों में सुबह 9:30 से 11:30 और 12:30 से दोपहर 2:30 बजे तक होगी। पहले दिन कक्षा एक से पांच तक बच्चों की मौखिक और छह से आठ तक के विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा हुई। इस बार पेपर पहले से ही डायट से बनवाकर छपवा लिए गए थे।

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING
Be a part of a dedicated and growing academic team !
NOW HIRING !
Join a Leading Institution Shaping Future Nurses
VACANCIES
• Associate Professor
• Assistant Professor
• Nursing Tutor
REQUIREMENTS
✓ Relevant qualifications as per INC Norms
✓ Strong teaching ability
✓ Commitment to academic excellence
✓ Passion for guiding nursing Students
CONTACT DETAILS
Mob : 7521001992, 9412151327
Email : vacn201@gmail.com, varunarjun2016@gmail.com
NH-30, Banthra, Shahjahanpur

## रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पुरस्कार देते अतिथि।

- **मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सोहित पाल और फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार सुशांत को मिला**

**अमृत विचार :** रवींद्रनाथ क्रिकेट अकादमी में आयोजित रवींद्रनाथ टैगोर अंडर-14 कप में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर अकादमी और एसआरएमएस जूनियर के बीच मैच खेला गया। रवींद्रनाथ क्रिकेट अकादमी ने एसआरएमएस जूनियर को 142 रनों के बड़े अंतर से हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सोहित पाल और फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार सुशांत को दिया गया।

रवींद्रनाथ टैगोर अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 203 रन बनाए। आयुष सैनी ने 47 रन, विक्की ने 31 रन का योगदान दिया। एसआरएमएस जूनियर की ओर से सुशांत और सोहेल ने 3-3 विकेट और ईशान और रिजवान ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की पूरी टीम सोहित की शानदार गेंदबाजी के आगे मात्र 61 रनों पर आउट हो गई। प्रांजल के 20 और रिजवान के 10 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। रवींद्रनाथ टैगोर की ओर से सोहित 5 विकेट, फैज और अमन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। टूर्नामेंट सचिव पंकज ने बताया कि बृहस्पतिवार को न्यू जनरेशन और ओसिस के मध्य खेला जाएगा।

## सिटी डायरी

### मानवाधिकार संरक्षण की शपथ दिलाई




**बरेली, अमृत विचार :** मानवाधिकार संरक्षण एवं समाज कल्याण विकास फाउंडेशन ने बुधवार को मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में मानवाधिकार दिवस मनाया। राष्ट्रीय सचिव डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा कि यह दिवस हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने एवं सभी के कल्याण की कामना करने को प्रेरित करता है। प्रदेश सचिव कुमार पारस और प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार ने सभी को मानवाधिकार संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला सचिव वीके जौहरियाल, आल इंडिया जीवन बीमा एसोसिएशन के सचिव ने मानवाधिकार पर गीत गाकर संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसर खान वारसी ने की। सतीश कुमार सिंह, आईबी सिंह, प्रभात भारती, शैलेश सिंह, मुरारी लाल गंगवार, एस नसार इमाम, संतोष कुमार गुप्ता, रफायत अली, जितेन्द्र पाल सिंह तोमर, अजय उपाध्याय, गुरुदेव मिश्रा, डॉ. गौरीशंकर, सरोज कुमार, सुमित गंगवार, अनीता मिश्रा आदि शामिल हुए।

### मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकार एवं न्याय सुरक्षा प्रहरी की ओर बुधवार को रोटरी भवन में राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश गिरी ने मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने कहा कि अपने अधिकारों को जानना प्रत्येक मानव का अधिकार है। राष्ट्रीय महासचिव हितैषी बाबा ने कहा कि मानवाधिकार की जानकारी से ही अपनी रक्षा की जा सकती है। संगठन मंत्री विजय अग्रवाल ने बताया कि 1948 में मानवाधिकार की घोषणा हुई थी। प्रदेश प्रभारी प्रशांत गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, ऋषभ अग्रवाल, दीपक पांडे ने भी विचार रखे। संगठन ने नीलेश अग्रवाल को सम्मानित किया। शिव सिंह, कौशल अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, राजीव अग्रवाल, मोहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर में शिवांगी और भाषण में आयुषी प्रथम



**बरेली, अमृत विचार :** मानवाधिकार दिवस पर क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता पूरनलाल प्रजापति और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता टीडी भास्कर ने किया। पोस्टर में शिवांगी कश्यप प्रथम, प्रशांत बाबू, अंजलि गौतम द्वितीय, शरजील फातिमा तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण में आयुषी मिश्रा प्रथम, विनायक शर्मा द्वितीय, अनन्या शंखधार तृतीय स्थान पर रहीं। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। छात्रों को मानवाधिकारों के संरक्षण, सम्मान और संवैधानिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी केके गंगवार, प्रवक्ता मोहम्मद हस्सान रजा खान आदि मौजूद रहे। संचालन प्रवक्ता दीपक महौर गुप्ता व अनुपम राहुल ने किया।